Regarding grant of benefits to residents of Lalitpur District under National Food Security Act

श्री अनुराग शर्मा (झांसी) : सभापति महोदय, धन्यवाद। माननीय प्रधान मंत्री जी ने कोविड से अभी तक हम सभी को मुफ्त राशन देने का प्रावधान किया था और मोदी जी की गारंटी है कि अगले पांच साल भी विशेष रूप से इसको बढ़ाया जाए। सरकार से मेरा एक ही निवेदन था कि मैं अत्यंत ही आर्थिक रूप से पिछड़े इलाके बुंदेलखंड से आता हूं और विशेष रूप से झांसी और ललितपुर से आता हूं। हमारे यहां तकरीबन 79 परसेंट प्रतिशत जनसंख्या को यह राशन दिया जा रहा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि इसको 85 परसेंट कर दिया जाए और विशेष रूप से ऐस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स में कर दिया जाए। अगर इसको मेरे ऐस्पिरेशनल ब्लॉक्स में बढ़ा दिया जाएगा तो हमारे यहां सौ प्रतिशत लाभ होगा। आदरणीय प्रधान मंत्री जी चाहते हैं कि मोदी की गारंटी और मोदी जी का यह राशन हर जगह वितरित हो जाए। अगर विशेष रूप से देखा जाए तो बड़ागांव, चिरगांव, बबीना, गुरसराय, मऊरानीपुर, बंगरा, बार, तालबेहट, जखौरा, महरौली मड़ावरा जैसे क्षेत्रों में अगर यह 4 से 5 प्रतिशत बढ़ा दिया जाएगा तो मेरे यहां प्रधान मंत्री जी की मंशा से सभी लोगों को लाभ प्राप्त हो सकेगा। मेरा आपके माध्यम से यही आग्रह था।

सभापति महोदय, दूसरा आग्रह यह था कि हमारे कुछ क्षेत्रों में, जहां पर चावल कम खाया जाता है, अगर उसकी जगह श्री अन्न दे दिया जाए तो लोगों को पोषण में बहुत फायदा होगा।